(ख) 31.3.95 की स्थिति के अनुसार, 8910 उपभोक्ताओं को क्रास-बार एक्सचेंज से सेवा प्रदान की जा रही है ।

(ग) जी हां । भूमिगत केबिलें बिछा दी गई हैं । केबल की गहराई 3 फुट होनी चाहिए ।

(घ) जी हां । जंक्शन बक्सों को सिमेंट के चबूतरे पर बनाया गया है ।

(ङ) जी हां । ठेकेदार का नाम श्री एम० ओ० मनसूरी है । कुल व्यय 58,604/- रु० हुआ है ।

दिल्ली टेलीफोन्स में कर्मचारियों का स्थानान्तरण

4486. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली टेलीफोन के प्रशासनिक विभाग को स्थानान्तरण हेतु कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ;

(ख) उपर्युक्त आवेदकों में से कितने व्यक्तियों का स्थानान्तरण किया गया है; और

(ग) क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई समीक्षा करवाई है और यदि हां, तो उसके परिणाम क्या रहे हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) 2820

(ख) 1339

(ग) सामान्यतया कर्मचारियों से उनके आवास के निकट स्थित टेलीफोन के एक्सचेंज/कार्यालयों में तैनाती के लिए अनुरोध प्राप्त होते हैं । इस प्रकार की तैनातियां सेवाहित, एक्सचेंज/कार्यालय में उपलब्ध रिक्त पदों और वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए की जाती हैं।

Public Telephones for Scheduled Tribe in Gujarat

4487. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether there is any provision for installing a Public Telephone for Scheduled Tribes in an area having more than five thousand people;

(b) if so, what is the number of such telephones installed in Gujarat, district-wise; and

(c) the target fixed for the next year for each district ?

the minister of state qf the jministry of communications
(SHRI SUKH RAM): (a) Sir, there is no pi-ovision for installing a public Telephone for Scheduled Tribes in a area having more than five thousand people. However under the New Telecom Policy, it is proposed to provide by 1997, a village Panchayat telephone to every village in the country and a public call office for every 500 persons in the Urban areas including scheduled tribe areas.

(b) Does not arise in view of reply *to* (a) above.

(c) The target fixed for 1995-96 for allotment of PCOs in Gujarat Telecom Circle is 5250 STD/ISD PCOs and 1750 local PCOs. The district-wise targets are fixed by the Circle depending upon the technical feasibility.

दिल्ली टेलीफोन में भ्रष्टाचार

4488. **श्री आस मोहम्मद** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली टेली-फोन के प्रशासन एवं सतर्कता की असफलता के कारण दिल्ली टेलीफोन में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है ;